हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

ग्यारहवां सत्र

समाचार भाग-1

संख्याः 95

वीरवार, 25 फरवरी, 2016/6 फाल्गुन, 1937(शक्)

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख

समय : 11.00 बजे (पूर्वाह्न)

महामहिम राज्यपाल महोदय का अभिभाषण

(राष्ट्रीय गान गाया गया)

सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष, श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में अपराह्न् 12.30 बजे आरम्भ हुई ।

माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणा

माननीय अध्यक्ष ने बैठक के प्रारम्भ में कहाः-

"आज बारहवीं विधान सभा का ग्यारहवां सत्र प्रारम्भ होने जा रहा है। सर्वप्रथम मैं, आप सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। इस बजट सत्र में भाग लेने के लिए मैं,सभी मंत्रीगण व विधायकों का, विशेष कर सदन के नेता श्री वीरभद्र सिंह जी व विपक्ष के नेता प्रो0 प्रेम कुमार धूमल जी का, हार्दिक स्वागत करता हूँ। मेरा यह प्रयास रहेगा कि सदन में माननीय सदस्यों को अपनी-अपनी बात रखने का पूरा मौका दूँ। मैं यह उम्मीद करता हूँ कि आप भी नियमों के अधीन रह कर समूचे प्रदेश के महत्वपूर्ण मामलों को उठाकर अपना योगदान देंगें और सदन के समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हिमाचल प्रदेश विधान सभा की जो गरिमा पूरे देश में बनी है उसे आप बनाए रखेंगे तथा सदन के संचालन में मुझे पूरा सहयोग देंगे।"

12-35-00 PM

1. शोकोद्‌गारः

निम्नलिखित ने श्री देस राज, पूर्व सदस्य, हिमाचल प्रदेश विधान सभा तथा पठानकोट व जम्मू कश्मीर में हाल में सेना ऑपरेशन में शहीद हुए जवानों पर शोकोद्‌गार व्यक्त किए : -

1. श्री वीरभद्र सिंह, मुख्य मन्त्री
2. प्रो0 प्रेम कुमार धूमल, नेता प्रतिपक्ष
3. श्री कौल सिंह ठाकुर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री
4. श्री सतपाल सिंह सत्ती
5. श्री धनी राम शांडिल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री
6. श्री मनोहर धीमान
7. श्री रविन्द्र सिंह
8. माननीय अध्यक्ष

(**दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए सदन में कुछ क्षण खड़े होकर मौन रखा गया**)

12-55-00 PM

2. साप्ताहिक शासकीय कार्यसूची बारे वक्तव्य :

श्री वीरभद्र सिंह, मुख्य मन्त्री ने वीरवार, 25 फरवरी, 2016 से प्रारम्भ हो रहे वर्तमान सप्ताह की शासकीय कार्यसूची बारे वक्तव्य दिया।

(सदन की बैठक अपराह्न् 12.58 बजे शुक्रवार, दिनांक 26 फरवरी, 2016 के पूर्वाह्न् 11.00 बजे तक स्थगित हुई)